



## एक नजर में

### झांतला में निशुल्क सर्व रोग निदान शिविर संपन्न, 120 रोगियों ने लिया लाभ



**नीमच।** ग्राम पंचायत झांतला में रविवार को शासकीय आयुर्वेद औषधालय थडोद द्वारा निशुल्क सर्व रोग निदान चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में डॉ .आर.पी.वर्मा ने बी पी एवं शुगर की जांच की गई। शिविर में आमवात/संधिवात प्रतिश्याय कास श्वास ज्वर शिरशूल रक्ताल्पता प्रदर अर्श अग्नि मांध अध्यमान प्रवाहिका अतिसार मधुमेह दाद दंतरोग चर्म रोग आदि के 120 मरीजों का परीक्षण कर नि:शुल्क औषधियों का वितरण किया ।शिविर में डॉ .आर .पी .वर्मा डॉ .प्राणिता नामदेव श्रीमती सुधा भदौरिया श्रीमती संजू भदौरिया एवं भंवरलाल खराड़ी ने सेवाएं दी ।

### जल संचयन अभियान के तहत बोरी बंधान कर लिया जल संरक्षण का संकल्प



**जावद।** मप्र जनअभियान परिषद द्वारा जावद विकासखण्ड के ग्राम मडावदा में जल संचयन अभियान के अंतर्गत बोरी बंधान का आयोजन किया गया बोरी बंधान में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक वीरेंद्र सिंह ठाकुर सर के निर्देशानुसार ब्लॉक समन्वयक श्रीमती अर्चना जी भट्ट के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था मां कुष्मांडा शिक्षण एवं सामाजिक कल्याण समिति के सहयोग से एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति और ग्राम पंचायत के संयुक्त प्रयासों से ग्राम में बोरी बंधान किया गया इस अवसर पर विनोद मेघवाल घनश्याम मेघवाल समरथ मेघवाल बापू लाल पुष्कर पाटीदार लालाराम रावत सपना मेघवाल घीसी बाई मेघवाल परामर्शदाता खुमान सिंह चंद्रावत आदि मौजूद रहे।

### पार्श्वनाथ भगवान का जन्म कल्याणक दिवस महोत्सव मनाया



**कुकडेश्वर।** नगर के हृदय में विराजित 108 पार्श्वनाथ जिनालय में से एक श्री कुकडेश्वर पार्श्वनाथ जिनालय पर पौष वदी दशम पर प्रभु श्री पुरुषादानीय पार्श्वनाथ भगवान का जन्म कल्याणक दिवस महोत्सव के तहत मंदिर जी में प्रात: 7 .30 श्री कुकडेश्वर पार्श्वनाथ का सामूहिक अभिषेक, भव्य आरती एवं उसके बाद पार्श्वनाथ भगवान की रथयात्रा बेन्ड बाजो और ढोल धमाकों के साथ निकली गई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष उपस्थित थे। रथयात्रा में भगवान पार्श्वनाथ चांदी के रथजी में सवार होकर निकले रथयात्रा जिनालय से प्रारम्भ हुआ जो चंपा बाजार भावसार मंदिर वार्ड नंबर 1 तंबोली चौक नीम चौक झंडा चौक सदर बाजार भटवाडा मोहल्ला मुखर्जी चौक बस स्टैंड भारत माता चौराहा मीणा चौक लोहार मोहल्ला होते हुए पुन: जिनालय पहुंचा नगर में जगह जगह गहुंली कर प्रभुजी को बधाया गया ,उसके बाद आरती कर रथयात्रा का समापन हुआ साथ ही सकल जैन श्रीसंथ का स्वामीवात्सल्य का आयोजन किया गया।

### आया आया पोषदशमी पर्व आया, प्रभु पार्श्वनाथ की भक्ति का महोत्सव आया, जमुनिया में आनंद छाया



**नीमच।** पूज्य साध्वी सुमंगला श्री जी महाराज साहब की सुशिष्या पूज्य साध्वी सौम्य प्रभा श्री जी महाराज साहब आदि ठाणा 4 की पावन निश्रा में दादा पार्श्वनाथ जी के जन्म एवं दीक्षा कल्याणक पोष दसमीं महोत्सव का आयोजन 12 से 16 दिसंबर तक श्री धर्म रत्न पार्श्वनाथ तीर्थ जमुनिया कलां में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ आयोजित किया गया। नरेंद्र चौधरी जैन ने बताया कि कार्यक्रम की पावन श्रृंखला में साध्वी भगवंत का जमुनिया कलां में कार्यक्रम की श्रृंखला में पुरुषादायनीय श्री पार्श्वनाथ भगवान के जन्म एवं दीक्षा कल्याण निमित्त जमुनिया श्री धर्म रत्न पार्श्वनाथ तीर्थ मध्ये तीन दिवस अठम तप के साथ पूजन भक्ति महोत्सव मनाया जा रहा है। पंजाब केसरी वल्लभ सुरीश्वर जी महाराज साहब की सामुदाय वर्तनी एवं आचार्य धर्म धुरंद्र सुरीश्वर जी महाराज साहब के आज्ञानुवर्तनी शासन प्रभाविका सौम्य प्रभा आदि ठाणा की पावन निश्रा एवं महोत्सव के उपलक्ष्य में सभी आराधकों को एक साथ सामूहिक अठम तप के पंचखाण दिलाए गए। करीब 9:30 बजे मंदिर में 84 आसातनाओं के निवारण के लिए एवं अष्टकर्म निर्जरा हेतु पार्श्व जन्म कल्याणक अभिषेक का विधान किया गया ।

### महिला ने दूसरी शादी की तो समाज ने निकाला तानों से परेशान होकर जहर खाया

**नीमच।** एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां के नई बावल गांव की रहने वाली 25 वर्षीय महिला ने समाज के तानों और दूसरी शादी को लेकर बनाए गए दबाव से परेशान होकर जहर खा लिया। फिलहाल, जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। मामला जावद थाना क्षेत्र का है। माता-पिता ने साथ रखने से मना कर दिया था परिजनों के अनुसार, महिला ने तीन महीने पहले प्रवीण नाम के शख्स से दूसरी शादी की थी। इससे पहले उसकी शादी करीब सात साल पहले रामपुरा में हुई थी। राखी पर मायके आने के बाद माता-पिता ने उसे साथ रखने से मना कर दिया। इसके बाद महिला ने प्रवीण के साथ विवाह कर लिया। 6 दिसंबर को पंचायत, 14 साल के लिए निकाला प्रवीण का आरोप है कि दूसरी शादी से नाराज समाज के लोगों ने 6 दिसंबर को पंचायत बुलाई। इसमें समाज के अध्यक्ष कारूलाल रैगर, उपाध्यक्ष मोहनलाल रैगर सहित अन्य पदाधिकारियों ने पति-पत्नी पर 9 लाख 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया और 14 साल के लिए समाज से बाहर करने का फैसला सुनाया। पंचायत में करीब 500 लोग मौजूद थे। पति बोला- लगातार तानों से टूट गई लक्ष्मी पति प्रवीण का कहना है कि पंचायत के फैसले के बाद से महिला को लगातार ताने दिए जा रहे थे और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। इसी तनाव में आकर उसने जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर प्रवीण उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार जारी है। पति का आरोप है कि ऐसी कुप्रथा वर्षों से चली आ रही हैं। रोक लगना चाहिए।

# घर से गायब हुए शिवा की संदिग्ध मौत, जवाहर नगर में मिली लाश

▶ **पुलिस ने मर्ग कायम कर शुरू की जांच**





**नीमच। कैंट थाना क्षेत्र में जवाहर नगर पुलिया के पास बीती रात 26 वर्षीय युवक यज्ञेश उर्फ शिवा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही केंट पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल भिजवाया। रविवार सुबह जिला अस्पताल में तीन चिकित्सकों के पैनल द्वारा पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।**

**युवक की पहचान और घर से गायब होने का समय** -प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान यज्ञेश उर्फ शिवा, पिता रितेश शर्मा, निवासी स्कीम नंबर 36-ए, जाति ब्राह्मण के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि यज्ञेश शनिवार शाम लगभग 5 बजे घर से किसी काम का कहकर निकला था। परिजनों के अनुसार देर शाम तक वह घर वापस नहीं आया। रात करीब 8 बजे रिश्तेदारों और परिचितों के साथ उसकी तलाश शुरू की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला।

**सड़क किनारे अचेत अवस्था में मिला युवक** -रात लगभग 1 बजे कुछ परिचितों ने यज्ञेश को जवाहर नगर स्थित एक ब्यूटी पार्लर के सामने सड़क किनारे अचेत अवस्था में पड़ा देखा। सूचना तुरंत पुलिस और परिजनों को दी गई। 108 एंबुलेंस की मदद से युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

**पुलिस जांच और मर्ग कायम** - घटना की सूचना मिलते ही केंट पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी। पोस्टमार्टम में मौत के वास्तविक कारण का पता लगाने के लिए तीन चिकित्सकों का पैनल लगाया गया। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आना बाकी है, जिसके बाद ही मौत के कारणों का खुलासा संभव होगा।

> **परिजनों में मचा हड़कंप, पुलिस जुटा रही जानकारी**
>
> युवक की संदिग्ध मौत की खबर मिलते ही परिजन सकते में आ गए। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और युवक के अंतिम समय में कहां-कहां गया, इस संबंध में जानकारी जुटा रही है। केंट पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच की जा रही है।



## श्री चित्रगुप्त कथा के उपलक्ष्य में नीमच में निकली शोभायात्रा

**नीमच।** कायस्थ समाज द्वारा श्री चित्रगुप्तजी की दिव्य कथा के आयोजन के अवसर पर रविवार को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा ने पूरे शहर को भक्ति, श्रद्धा और उल्लास के रंग में रंग दिया। प्रात: शोभायात्रा लॉयंस डेन से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई निकली, जिसका नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा एलआईसी चौराहा, अंबेडकर मार्ग, टीवीएस चौराहा, गायत्री मंदिर रोड, कमल चौक, फव्वारा चौक, बारादरी, नया बाजार, घंटाघर, तिलक मार्ग, पुस्तक बाजार एवं भारतमाता चौराहा होते हुए पुन: कथा स्थल लॉयंस डेन पहुंची।

शोभायात्रा में कायस्थ समाज के महिला-पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। भक्ति गीतों, ढोल-नगाड़ों और जयघोषों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। शोभायात्रा के माध्यम से समाज ने श्री चित्रगुप्तजी के आदर्शों-सत्य, न्याय और कर्म का संदेश जन-जन तक पहुंचाया।

नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक शोभायात्रा का स्वागत कर धार्मिक सौहार्द और सामाजिक एकता का परिचय दिया। उल्लेखनीय है कि नीमच नगर में श्री चित्रगुप्तजी की कथा का यह पहला आयोजन है, जिसके कारण शोभायात्रा का विशेष महत्व रहा। इस धार्मिक आयोजन ने नगर को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया।

## किलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में रैगर समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक



**नीमच।** रेगर समाज की महिला लक्ष्मी द्वारा कथित रूप से जहर सेवन किए जाने के मामले में अब नया मोड़ सामने आया है। इस प्रकरण को लेकर मंगलवार को रेगर समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक किलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में प्रवीण रेगर द्वारा समाज पंचायत पर लगाए गए आरोपों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में उपस्थित समाज के पंचों एवं वरिष्ठजनों ने एक स्वर में कहा कि प्रवीण रेगर द्वारा लगाए गए आरोप पूरी तरह झूठे और निराधार हैं। समाज के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि पंचायत द्वारा न तो महिला का सामाजिक बहिष्कार किया गया है और न ही नौ लाख रुपये का कोई अर्थदंड लगाया गया है।

पंचों ने बताया कि करीब 700 से 800 समाजजनों की उपस्थिति में केवल सामाजिक मर्यादा एवं व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा की गई थी। बैठक में प्रवीण रेगर को भी अपनी बात रखने का अवसर दिया गया था।

समाज के प्रतिनिधियों ने यह भी बताया कि लक्ष्मी का पूर्व में विवाह कमलेश पिता मांगीलाल, निवासी रामपुरा से हुआ था, जिनसे उसके दो छोटे बच्चे हैं। बिना विधिवत तलाक के लक्ष्मी ने प्रवीण रेगर के साथ रहना प्रारंभ कर दिया और दोनों बच्चों को उनके पिता के पास छोड़ दिया।

बैठक के दौरान बच्चों के लालन-पालन और भविष्य को लेकर रेगर समाज पंचायत भादवा माता की बैठक में चर्चा चल रही थी। इसी बीच प्रवीण रेगर बैठक छोड़कर चले गए। पंचों का आरोप है कि इसके बाद उन्होंने समाज पंचायत पर झूठे आरोप लगाकर उसे बदनाम करने का प्रयास किया, जिससे समाज आहत है।

बैठक के अंत में समाज के वरिष्ठजनों ने निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि समाज के खिलाफ फैलाए जा रहे भ्रम और गलत तथ्यों को स्पष्ट किया जाना आवश्यक है।

## पैरा लीगल वॉलिंटियर्स का एकदिवसीय प्रशिक्षण

▶ **विशाल ट्रैक्टर मार्च आंदोलन 6 अक्टूबर को, कलेक्ट्रेट तक पहुंचेगी रैली**



**नीमच।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीमच के अध्यक्ष श्री वीरेंद्र सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा नव-नियुक्त पैरालीगल वॉलिंटियर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण जिला न्यायालय परिसर, नीमच में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी एक्ट) श्री आलोक कुमार सक्सेना एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती शोभना मीणा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

विशेष न्यायाधीश श्री सक्सेना ने पैरा लीगल वॉलिंटियर्स की भूमिका, महत्व एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला और फील्ड में कार्य करते समय संवेदनशीलता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) श्रीमती रश्मि मिश्रा ने पॉक्सो एक्ट एवं पीड़ितों को प्रतिकार प्रदान करने के संबंध में जानकारी दी। व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड सुश्री अंकिता गुप्ता ने किशोर न्याय अधिनियम, बाल कल्याण समिति, घरेलू हिंसा अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, भरण-पोषण विधि, तथा व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड श्री अंकित जैन ने माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण अधिनियम, धारा 138 नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, हिंदू विवाह अधिनियम एवं तलाक विधि आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

जिला जेल, नीमच से जेल अधीक्षक श्री एन एस राणा ने बंदियों के विधिक अधिकार एवं जेल नियमावली के संबंध में जानकारी दी।डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्र सिंह धार्वे ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत आने वाली सेवाओं एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री प्रवीण कुमार ने विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं, लोक उपयोगी लोक अदालत, पीड़ित प्रतिकर योजना एवं मध्यस्थता योजना आदि विषयों पर जानकारी दी।



## रोजड़ों से पोधों की सुरक्षा के लिए पर्यावरण मित्रों ने किया बांदनवाड़ा

**नीमच।** पेड़ पौधे प्राणी जगत के जीवन मित्र हैं जो बीन मांगे हमें जीवन भर जीने के लिए मुफ्त वायु ऑक्सीजन प्रदान करने के साथ ही प्रदुषित वातावरण से हमें निजात दिलाते हैं, इसी उद्देश्य को लेकर संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था के सदस्य निरन्तर अभियान चला कर विगत 11 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में नि स्वार्थ भावना से सेवारत हैं, अभियान के तहत संस्था सदस्यों ने रविवार दिनांक 14 दिसंबर 2025 को हवाई अड्डा झांझरवाडा मार्ग स्थित विश्व संकल्प पर्यावरण वाटिका परिसर गतवर्ष रोपित 1401 से अधिक पोधो की सुरक्षा एवं रोजडो ( नीलगाय) से बचाव हेतु वाटिका परिसर के पिछले भाग में बांस लकड़ियों, कंटीली झाड़ियों के साथ ही रंग बिरंगे कपड़े बांधकर रास्ते को बंद किया गया इसके पश्चात पर्यावरण मित्रों ने रोपित पोधो के आसपास निंदाई गुड़ाई कर खरपतवार निकाली एवं पोधो को पानी पिलाया अभियान में संस्था संरक्षक इंजिनियर नवीन कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष किशोर बागड़ी, सचिव दुलीचंद कनेरिया, उपाध्यक्ष राजकुमार सिन्हा, सुकुमार आगार,सोनु नागर, धर्मेंद्र परमार, आदि ने 3 घंटे श्रमदान कर सहभागिता निभाई।

## सर्दी की दस्तक के साथ तिलपट्टी और गजक का कारोबार चढ़ने लगा परवान

**नीमच। पारा गिरने के साथ ही सर्दी के मेवा की दुकानें सजनी शुरू हो गई। तिल, गुड़, मूंगफली और चीनी निर्मित खाद्य वस्तुओं की बिक्री शुरू हो गई। सर्दी बढ़ने के साथ इनकी मांग बढ़ेगी और बिक्री परवान चढ़ेगी। शहर में सर्दी के मेवा की स्थायी दुकानों के साथ अस्थायी दुकानों पर विभिन्न स्थानों पर बनने वाले तिल, गुड और चीनी के उत्पादों की आवक भी बढ़नी शुरू हो गई है। स्थानीय कारखानों में भी तिल, गुड़, देशी घी, चीनी से तैयार होने वाली खाद्य वस्तुओं को बड़े स्तर पर तैयार किया जा रहा है। इनमें गजक, मूंगफली चिकी, तिलपट्टी, तिल के लड्डू, रेवड़ी इत्यादि प्रमुख हैं इनकी हो रही बिक्री**

सर्दी के मेवा की सजी दुकानों पर मूंगफली, मूंगफली चिकी, तिल की गजक, गुलाब की रेवड़ी, पिस्ता गजक, तिल के लड्डू, तिलपट्टी, रोल गजक, रेवड़ी,शाही गजक, सोहन हलवा, खजूर इत्यादि की बिक्री प्रारंभ हो गई है।

> **बाहर से भी आ रहा**
>
> शहर में प्रदेश व देश भर से सर्दी का मेवा बिकने आता है। दुकानदारों के अनुसार रतालम, भीलवाडा, ग्वालियर आदि स्थानों से तिल, गुड़ व चीनी से बने उत्पाद हर साल बिक्री को आते हैं। दुकानदारों के अनुसार दिसंबर व जनवरी में इसकी मांग अधिक रहती है।
>
> **इन भावों में बिक रहा-**
>
> व्यापारियों के मुताबिक मूंगफली 100 से 120 रुपए प्रति किग्रा, मूंगफली चक्की 180 से 240 रुपए, तिल की गजक 240 से 400 रुपए, पिस्ता गजक 320 से 340 रुपए, तिलपट्टी 280 से 400 रुपए, रोल गजक 280 से 340 रुपए, शाही गजक 280 से 340 रुपए, काजू पिस्ता 360 से 400, अंगूरी पेठा 200, गुड़ की रेवड़ी 200 से 240, चॉकलेट बरफी गजक 400, तिल के लड्डू 200, खजूर 100 से 300 रुपए तक बिक रहे हैं।

**एक नजर** ▶ **महावीर सेवा समिति झांतला का 22वां नेत्र शिविर संपन्न**

## शिविर में 400 पंजीयन व 231 मरीजों का ऑपरेशन होगा

**झांतला। ग्राम झांतला में महावीर सेवा समिति झातला के तत्वाधान में कार्रवाई नेत्रालय नीमच द्वारा लगातार 22 वां नेत्र शिविर का आयोजित किया गया जिसमें झांतला सहित आसपास के मध्य प्रदेश राजस्थान के सैकड़ो नेत्र रोगियों ने भाग लिया जिसमें कुल 400 पंजीयन कर 231 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किए गए।**



जिनका निर्धारित अलग-अलग दिनांक को गोमाबाई नेत्रालय में लैंस प्रत्यारोपण द्वारा ऑपरेशन किए जाएंगे। कार्यक्रम की शुरुआत गोमाबाई नेत्रालय के,डॉक्टर, पूर्व जनपद सदस्य पंकज जैन अनिल दुगेरिया, गोपाल देसी ,अशोक दुगेरिया, चौसर मल धाकड़, गोपाल धाकड़, अध्यापक धर्मेंद्र जैन, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनीष जैन, जनपद प्रतिनिधि राजेश शर्मा द्वारा,मां शारदा व स्वर्गीय श्री रूपचंद जी जैन के चित्र पर गुलाल अगरबत्ती लगाकर की गई। इस अवसर पर गोमाबाई नेत्रालय के डॉक्टर ने बालकिशन ने कहा कि गोमाबाई नेत्रालय द्वारा मध्य प्रदेश राजस्थान दूर-दूर तक नेत्र शिविर आयोजित किए जाते हैं। लेकिन झांतला में लोगों में नेत्र शिविर के प्रति अलग ही उत्साह नजर आता है। और सबसे ज्यादा ओपीडी व नेत्र ऑपरेशन झांतला के शिविर में नजर आते है। मैं पूरी टीम को इस मानवता की सेवा के कार्य के लिए धन्यवाद देता हूं। क्योंकि पीड़ित दीन दुखियों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनीष जैन ने कहा कि झांतला महावीर सेवा समिति द्वारा लगातार,22 वां नेत्र शिविर मैं पूरी टीम ने पूरी तत्परता लगन समर्पण निष्ठा से निस्वार्थ भाव से इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त शिविर को प्राथमिकता से यह लोग करते आ रहे हैं। जिसमें नेत्र रोगियों का विशेष ध्यान रखा जाता है। इसके लिए यह समिति साधुवाद की पात्र हैं। इस अवसर पर जनपद प्रतिनिधि राजेश शर्मा ने कहा कि आज से 22 साल पहले स्वर्गीय रूपचंद जी जैन पूर्व सरपंच द्वारा जो यह नेत्र शिविर का नन्हा पौधा लगाया गया वह आज विशाल वट वृषं का रूप ले चुका है। परोपकार व परमार्थ से बड़ा कोई धर्म नहीं है। और जो अंधियारी आंखों में उजाले का काम करते है। उनका आशीर्वाद व दुआ हमेशा अच्छे कार्य करने वाले को मिलती रहती हैं। मानव जीवन हमें यही सिखाता है। अच्छे पुण्य के काम करते रहे जो यह समिति द्वारा उत्कर्ष पीड़ित मानवता की सेवा का काम किया जा रहा है। इसके लिए यह धन्यवाद की पात्र हैं।